भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 203
उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2024
सोमवार, 31 आषाढ़, 1946 (शक)

तमिलनाडु के मुसिरी शहर में कौशल विकास केन्द्र

203. श्री अरुण नेहरू:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि तमिलनाडु के मुसिरी शहर के कई निर्माण कामगार काम की खोज में त्रिची और करूर जैसे बड़े शहरों को पलायन कर गए हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उनकी सहायता करने और उनके कौशल को बढ़ाने तथा निर्माण तकनीक, बिजली के कार्यों और नलसाजी के कार्य की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए तमिलनाडु के मुसिरी शहर में कौशल विकास केन्द्र खोलने पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) तमिलनाडु कौशल विकास निगम (टीएनडीसी) ने बताया है कि ऐसा कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।

(ख) और (ग) टीएनएसडीसी ने आगे बताया कि वर्तमान में, तमिलनाडु सरकार इस निगम के माध्यम से निर्माण उद्योग विकास परिषद (सीआईडीसी), चेन्नई के प्रशिक्षण भागीदार के सहयोग से करूर जिले में निर्माण श्रमिकों के लिए पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) के अंतर्गत राजमिस्त्री, इलेक्ट्रीशियन, पेंटर, बढ़ई, बार बेंडर और टाइल्स राजमिस्त्री जैसे क्षेत्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित कर रही है।

इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग कार्यों के संबंध में, टीएनएसडीसी त्रिची और करूर जिलों के उन्नत सरकारी आईटीआई में अल्पावधि कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इस स्कीम के अंतर्गत कुल 98 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है। भारत सरकार की नल जल मित्र स्कीम के अंतर्गत, नलसाज क्षेत्र के व्यापार में त्रिची में 91 और करूर जिले में 76 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है।

*****